राज्य शिक्षा केन्द्र म.प्र. भोपाल

वार्षिक परीक्षा सत्र - 2023-24

विषय - पर्यावरण अध्ययन

कक्षा - 5

**परीक्षा अवधि - 2.30 घण्टे** **पूर्णांक - 60**

**बहुविकल्पीय प्रश्न (प्रश्न 1 - 5)**

H2024EVS05183

**निर्देश - प्रत्येक प्रश्न के 4 विकल्प दिए गए हैं। सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है।**

प्रश्न - 1 मूंग को अंकुरित करने के लिए उसे - 1

(A) कई दिनों तक पानी में डुबोना चाहिए। (B) धोकर धूप में रखना चाहिए।

(C) फ्रीज में रखना चाहिए। (D) भिगोकर गीले कपड़े में रखना चाहिए।

प्रश्न - 2 किले में आगे की तरफ चारों ओर निकली हुई गोल आकृति जो किले को सुरक्षा प्रदान करती है, कहलाती हैं - 1

(A) दरवाजा (C) गुम्बद

(B) बुर्ज (D) तोप

प्रश्न - 3 प्रदूषण रहित वाहनों का समूह निम्न में से कौन सा है ? 1

(A) ट्रक, मोटरसाइकिल, स्कूटर (B) साइकिल, साइकिल रिक्शा, घोड़ा गाड़ी

(C) जहाज, कार, ऑटो रिक्शा (D) रेलगाड़ी, कार, बस

प्रश्न - 4 सफाई करने वालों के प्रति हमारा व्यवहार कैसा नहीं होना चाहिए ? 1

(A) सम्मानजनक (C) दयाभाव

(B) प्रेम और अपनत्व का (D) क्रोधित

प्रश्न - 5 आदिवासियों के जीविकोपार्जन का मुख्य साधन है - 1

(A) उद्योग धंधे (C) जंगली उत्पाद

(B) नौकरी (D) थोक व्यापार

H2024EVS05183

**रिक्त स्थान (प्रश्न 6 - 10)**

**निर्देश - निम्नलिखित प्रश्नों में रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है।**

प्रश्न - 6 हरे धनिये को खराब होने से बचाने के लिए .......................में लपेटकर रखे । 1

प्रश्न - 7 ........................ पर लम्बे समय के लिए जाना हो तो कपड़े, कंबल, खाने के पैकेट, पानी की बोतलें और ऑक्सीजन का सिलेंडर ले जाना चाहिए। 1

प्रश्न - 8 ठंड के दिनों में मुख से निकलने वाली हवा ...................... होती है। 1

प्रश्न - 9 खेल के माध्यम से शरीर ........................ होता है। 1

प्रश्न - 10 मेंडल ने ... के बगीचे में.................. के पौधों पर प्रयोग किया था। 1

H2024EVS05183



https://www.mpboardonline.com

अति लघु उत्तरीय प्रश्न (प्रश्न 11 - 16)

निर्देश - निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक से दो वाक्यों में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं।

प्रश्न - 11 सांप के कान नहीं होते हैं, फिर भी सपेरे के बीन बजाने पर वह नाचता है। क्यों ? 2

प्रश्न - 12 हवा में उड़कर बिखरने वाले दो बीजों के नाम लिखिए और उनकी दो विशेषताएँ लिखिए। 2

प्रश्न - 13 पानी के संरक्षण से सम्बंधित एक नारा (स्लोगन) लिखिए। 2

प्रश्न - 14 पर्वतारोही पर्वत की चोटी पर पहुंच कर सबसे पहले क्या करते हैं ? 2

प्रश्न - 15 ट्रैफिक सिग्नल पर लाल लाइट होने पर हमें क्या करना चाहिए ? 2

प्रश्न - 16 खेड़ी गांव में यदि कोई बीमार हो जाए तो उनका इलाज कैसे होता था ? 2

H2024EVS05183

लघु उत्तरीय प्रश्न (प्रश्न 17 - 22)

निर्देश - निम्नलिखित प्रश्नो के उत्तर 30-40 शब्दों में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 3 अंक निर्धारित हैं।

प्रश्न - 17 तीन-तीन जीवों के नाम लिखिए, जिनके जिनके कान दिखाई देते हैं तथा जिनके कान दिखाई नहीं देते हैं। 3

प्रश्न - 18 स्टील की प्लेट को पानी में कब तैरता हुआ रखा जा सकता है ? और कैसे डुबोया जा सकता है ? 3

प्रश्न - 19 कोई तीन प्राकृतिक आपदाओं के नाम बताओ। 3

प्रश्न - 20 कोई ऐसे तीन कार्य लिखो जिन्हें करने के लिए तुम्हें फूंक मारना पड़ती हो। 3

प्रश्न - 21 हमें पेड़ पौधे क्यों नहीं काटना चाहिए ? 3

प्रश्न - 22 निम्नलिखित फसलों में से खाद्यान्न फसल एवं व्यावसायिक फसल छांटकर लिखिए - 3

गेंहू, कपास, सोयाबीन, गन्ना, अलसी, मक्का, चना, धान, ज्वार, तिल 3

H2024EVS05183

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (प्रश्न 23 - 26)

निर्देश - निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 70-80 शब्दों में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 5 अंक निर्धारित हैं।

प्रश्न - 23 (अ) आपके घरों में बिजली चली जाती है तब मच्छर बहुत परेशान करते हैं आखिर मच्छरों को अंधेरे में भी आपके होने का कैसे पता चलता है ? 5

(ब) बाघ को जंगल में अपने शिकार के होने का अहसास कैसे होता है?

प्रश्न - 24 नीचे दी गई रिपोर्ट को देखकर निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए - 5

क्लीनिकल विकृत रिपोर्ट

केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना

नाम - आरती आयु - 12 स्त्री या पुरुष - स्त्री

रोग की पहचान - अनीमिया

हीमोग्लोबिन - 8gm/dl (नॉरमल रेंज) 12 to 16 gm/dl

pathologist

1. यह रिपोर्ट किसकी है ?
2. इस रिपोर्ट में कौन सी बीमारी का पता चलता है ?
3. हीमोग्लोबिन की नार्मल रेंज क्या है ?
4. आरती की उम्र कितनी है ?
5. आरती की हीमोग्लोबिन की मात्रा कितनी है ?

प्रश्न - 25 यदि आप किसी पर्वतारोही ग्रुप के ग्रुप लीडर हों तो आपकी क्या-क्या जिम्मेदारियां होंगी ? 5

प्रश्न - 26 पुराने समय में फसल के दानों को किस प्रकार से निकाला जाता था एवं वर्तमान में किस प्रकार से निकालते हैं? अंतर स्पष्ट करिए। 5

H2024EVS05183

https://www.mpboardonline.com